कार्यालय प्रभागीय वनाधिकारी, पिथौरागढ़ वन प्रभाग, पिथौरागढ़।

E-mail: dfopithoragarh@rediffmail.com Fax &☎ 05964- 225234

पत्रॉक 4075/12—1 दिनांक, पिथौरागढ़, 30 जनवरी 2023।

सेवा में,

वन संरक्षक,
उत्तरी कुमाऊँ वृत्त,
उत्तराखण्ड, अल्मोड़ा।

विषय :— जनपद पिथौरागढ़ के राज्य योजना के अन्तर्गत विधानसभा क्षेत्र डीडीहाट के अन्तर्गत तिलाड़ी से सेरा तक मोटर मार्ग के नवनिर्माण हेतु 3.02 हे0 वनभूमि का गैर वानिकी कार्यों हेतु लोक निर्माण विभाग को प्रत्यावर्तन (Online No: FP/UK/Road/46681/2020)

संदर्भ :— भारत सरकार, पर्यवरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, एकीकृत क्षेत्रीय कार्यालय, देहरादून का पत्रांक सं0 8बी/यू.सी.पी./06/79/2021/एफ.सी./531 दि0 14.07.2022 व प्रस्तावक विभाग का पत्रांक 2428/3सी दिनांक 12.10.2022।

महोदय,

उपरोक्त विषयक परियोजना अन्तर्गत भारत सरकार द्वारा उनके संदर्भित पत्र से अवगत कराया गया कि **"प्रस्तावित मार्ग का अवलोकन कर यह ज्ञात होता है कि गांव तिलाड़ी एवं सेरा पूर्व से मार्ग से जुड़े हुए हैं। वर्तमान में मार्ग से इन दोनों गांवों की दूरी लगभग 500 मी0 के भीतर है। अतः राज्य सरकार द्वारा इन दोनों गांवों के लिए नये मार्ग की आवष्यकता स्पष्ट नहीं है। गांव दुबतड़ हालांकि मार्ग से नहीं जुड़ा है किन्तु प्रस्तावित समरेखन के बिन्दु सं 1 से 7 तक ही मार्ग का निर्माण कर गांव दुबतड़ को मार्ग से जोडा जा सकता है।"** के सम्बन्ध में प्रस्तावक विभाग द्वारा निम्नवत आख्या प्रस्तुत की गयी हैः—

मा0 मुख्यमंत्री घोषणा संख्या—191/2018 के अन्तर्गत स्वीकृत उक्त मोटर मार्ग सानदेव चौबाटी मुवानी मोटर मार्ग के किमी0 11 से निकलने वाले चौबाटी—तिलाड़ी मोटर मार्ग के अन्तिम बिन्दु किमी0 2 से प्रारम्भ होकर तिलाड़ी, दुबतड़, सेरा सुनाली आदि गांवों से होकर गुजरता है, जिनकी आबादी 414 है। उक्त मोटर मार्ग में दुबतड़, तिलाड़ी के अन्तर्गत छोटे तोक मार्ग से जुड़ रहे हैं। वर्तमान में तिलाड़ी एवं सेरा मोटर मार्ग से संयोजित हैं, परन्तु लखतीगांव, सेरासुनाली आदि ग्रामों को चौबाटी, मुवानी, डीडीहाट जाने के लिए अधिक दूरी तय करनी पड़ रही है। उक्त के अतिरिक्त यह भी अवगत कराना है कि प्रस्तावित मोटर मार्ग का अन्तिम बिन्दु सेरा सुनाली हरड़कटिया मोटर मार्ग पर जाकर मिलता है, जिसके समीप प्रख्यात अलाईमल मन्दिर स्थापित है। उक्त मन्दिर में दर्षन हेतु श्रृद्धालु वर्षभर आते रहते हैं। उक्त मोटर मार्ग के निर्माण से चौबाटी क्षेत्र एवं लखतीगांव क्षेत्र के बीच की दूरी कम होने से स्थानीय जनता को लाभ एवं मन्दिर दर्शन हेतु श्रृद्धालुओं को भी कम दूरी तय करनी पड़ेगी। मार्ग Line Diagram का संलग्न है।

अतः उपरोक्त के कम में सूचना आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

संलग्न—मार्ग का Line Diagram.

भवदीय,

प्रभागीय वनाधिकारी,
पिथौरागढ़ वन प्रभाग,पिथौरागढ़।

तिलाड़ी से सेरा मोटर मार्ग